# एम्स में लंबी लाइन से मिलेगी राहत

▶ 15 अगस्त से शुरू होगी स्मार्ट कार्ड सेवा



**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 23 जुलाई. एम्स में अब मरीजों को इलाज का खर्च चुकाने के लिए नकद रुपये लेकर घूमने या लंबी लाइनों में लगने की परेशानी से मुक्ति मिलने जा रही है. डिजिटल इंडिया अभियान के तहत एम्स भोपाल भारतीय स्टेट बैंक के साथ मिलकर एक खास प्री-पेड कैशलेस स्मार्ट कार्ड सेवा की शुरुआत करने जा रहा है.**

बता दें, इस सुविधा के शुरू होने से मरीजों और उनके परिजनों को कैशलेस भुगतान की सुविधा मिलेगी, जिससे उनके समय की बचत होगी और इलाज की प्रक्रिया भी काफी सुगम बनेगी. इस नई स्मार्ट कार्ड सुविधा को 15 अगस्त से एम्स के सभी मरीजों के लिए शुरू किया जायेगा. इस सुविधा के शुरू होते ही मरीज अस्पताल में मिलने वाली सभी सेवाओं का भुगतान बहुत तेजी से और बिना किसी झंझट के कार्ड से कर सकेंगे.

अक्सर देखा जाता है कि दूर-दराज के गांवों और शहरों से आने वाले मरीजों के परिजनों को अपने साथ बड़ी रकम नकद रखनी पड़ती है. जिससे पैसे खोने या चोरी होने का डर बना रहता है. कैशलेस स्मार्ट कार्ड बनने के बाद यह चिंता पूरी तरह से खत्म हो जाएगी. इस कार्ड में एक बार पैसे डलवाने के बाद मरीज किसी भी काउंटर पर जाकर तुरंत भुगतान कर सकेंगे. इससे नकद भुगतान वाले काउंटरों पर लगने वाली भारी भीड़ कम होगी और मरीजों का कीमती समय लाइन में खड़े रहने के बजाय इलाज कराने में लगेगा.

**प्री-पेड कार्ड सेवा की शुरुआत**

एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक डॉक्टर माधवानन्द कर और एसबीआई भोपाल सर्किल के मुख्य महाप्रबंधक प्रवाश कुमार सुबुधि ने इस प्री-पेड कार्ड सेवा की शुरुआत की. एम्स के निदेशक ने बताया कि यह सेवा अस्पताल को पूरी तरह डिजिटल स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है. इस कार्ड की मदद से भुगतान प्रक्रिया चुटकियों में पूरी हो जाएगी.

## योग शिक्षकों का अधिवेशन 26 को

**भोपाल, 23 जुलाई.** योग प्रशिक्षित अध्यापक शिक्षक संघ का प्रांतीय अधिवेशन और चुनाव 26 जुलाई को सरस्वती विद्या मंदिर, शिवाजी नगर में आयोजित किया जाएगा. अधिवेशन का सुबह 10 बजे होगा. जिसमें मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. छात्रवीर सिंह राठौड़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. इसके अलावा भोपाल संभाग के संयुक्त संचालक धर्मेन्द्र शर्मा और जिला शिक्षा अधिकारी भी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे. अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोहर सिंह राजपूत करेंगे. वहीं चुनाव अधिकारी मंगलेश यादव और रामकुमार तेलकर की देखरेख में नई प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा. प्रदेशभर से आने वाले योग शिक्षकों और प्रतिनिधियों के रुकने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं. संघ ने सभी सदस्यों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है.



# भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी के संगम से सजी त्रिवेणी की शाम

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 23 जुलाई.** प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में श्रीयालयम नाट्यश्री अकादमी ऑफ क्लासिकल आर्ट्स के कलाकारों ने भरतनाट्यम मोहिनीअट्टम और कुचिपुड़ी की प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. कार्यक्रम का आगाज मोहिनीअट्टम शैली में राग चक्रवाक और आदि ताल पर आधारित गणेश स्तुति से हुआ, इसके बाद कुचिपुड़ी की प्रसिद्ध रचना तरंगम से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं, मोहिनीअट्टम से श्रीराम के जीवन प्रसंगों को अभिनय से मंच पर साकार किया. सांस्कृतिक संध्या का आकर्षण भरतनाट्यम शैली में प्रस्तुत हनुमान चालीसा रही. कार्यक्रम में प्रख्यात नृत्यांगना गुरु कलामंडलम कविता शाजी के निर्देशन में उनकी शिष्याओं ने नृत्य का प्रदर्शन किया.

## एक नजर में



### करुणाधाम में दिग्विजय महायज्ञ का शुभारंभ

**भोपाल, 23 जुलाई.** करुणाधाम आश्रम में पीठाधीश्वर सुदेश शांडिल्य महाराज के सान्निध्य में त्रिदिवसीय सार्वभौम दिग्विजय महायज्ञ शुरू हुआ.

### एसजीएसयू में साइबर जागरुकता अभियान

**भोपाल, 23 जुलाई.** स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) ने क्विक हील फाउंडेशन के साथ मिलकर साइबर सुरक्षा से जुड़ा अर्न एंड लर्न अभियान शुरू किया है. जुलाई में शुरू हुए इस कार्यक्रम का मकसद छात्रों को साइबर धोखाधड़ी के प्रति जागरूक करना और उन्हें प्रैक्टिकल अनुभव कराना है. संस्था के मुताबिक, कार्यक्रम के तहत 20 छात्रों का चयन कर उन्हें साइबर वॉरियर्स बनाया गया है. ये छात्र अगले तीन महीनों में भोपाल और आसपास के स्कूल-कॉलेजों व समुदायों में जाकर लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, डेटा चोरी और सुरक्षित इंटरनेट इस्तेमाल के बारे में जानकारी देंगे.



### विद्यार्थियों को नशा से दूर रहने का दिलाया संकल्प

**भोपाल, 23 जुलाई (नवभारत न्यूज).** युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाकर एक स्वस्थ समाज के निर्माण के उद्देश्य से अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय में 'नशे से दूरी है, जरूरी 2.0' अभियान के तहत 15 से 23 जुलाई तक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, कार्यक्रम की मुख्य थीम 'नशे से दूरी है जरूरी रही. कुलगुरु प्रो. देव आनंद हिण्डोलिया एवं कुलसचिव प्रो. एल.पी. झारिया की उपस्थिति में कार्यक्रम प्रारंभ किए गए. इस अभियान के तहत विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए. जिनमें नशे के मानसिक व सामाजिक नुकसानों को दर्शाती पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध, स्लोगन प्रतियोगिता में अधिक से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की. साथ ही नशे से दूरी के संबंध में विशेष व्याख्यान डॉ. चित्रलेखा कड़ेल (सोनी), सहा. प्राध्यापक, वनस्पति विभाग एवं डॉ. नीलम सिंह, सहा. प्राध्यापक, योग विभाग द्वारा दिए गए. विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से रूबरू कराने के लिए लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया. विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई, जिसमें डॉ. कुसुम दीक्षित चौहान विधि विभाग, डॉ. भरत बाथम, संगणक विभाग, डॉ. भावना खरे, इतिहास विभाग, डॉ. अमित सोनी उपस्थित रहे.

## नगर में आज


**कजरी झूला गायन समारोह**
**समय**- शाम 7 बजे, **स्थान**- भारत भवन

**माह का प्रादर्श**
**समय**- सुबह 11 बजे, **स्थान**- मानव संग्रहालय

**चित्र प्रदर्शनी**
**समय**- सुबह 11 बजे से, **स्थान**- मप्र जनजातीय संग्रहालय

# मांगने की आदत छोड़कर आत्मनिर्भर बनें

▶ एमपी नगर स्थित विद्योदय तीर्थ में धर्मसभा



**नवभारत न्यूज**

**भोपाल,23 जुलाई. एमपी नगर स्थित विद्योदय तीर्थ में चल रहे वर्षायोग के दौरान आचार्य समय सागर महाराज ने धर्मसभा में लोगों को मन के संयम, धर्मध्यान और मोक्षमार्ग को लेकर सरल भाषा में समझाया. उन्होंने लोगों से कहा कि मांगने की आदत छोड़कर आत्मनिर्भर बनने की कोशिश करें, क्योंकि अपेक्षाएं साधना में बाधा बनती हैं.**

आचार्यश्री ने कहा कि यदि पुण्य के साथ भोग और विषयों की इच्छा जुड़ी हो, तो वही पुण्य आगे चलकर पतन का कारण बन सकता है. वहीं शुद्ध भाव से किया गया पुण्य आत्मा को आगे बढ़ाता है. धर्मसभा में आचार्य ने बताया कि केवल धर्मस्थल पर बैठना पर्याप्त नहीं है, जब तक मन धर्म में स्थिर न हो. उनके मुताबिक धर्मध्यान का मतलब है कि व्यक्ति की सोच और ध्यान दोनों धर्म की ओर हों. उन्होंने कहा कि मन बार-बार भटकता है और उसे नियंत्रित करना ही साधना का मूल उद्देश्य है. उन्होंने यह भी कहा कि मानव जीवन दुर्लभ है और इसका सही उपयोग जरूरी है, वरना इसके दुष्परिणाम भविष्य में सामने आते हैं. संस्था के अनुसार, प्रवचन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और अंत में लोगों ने बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया.

# ग्लासगो कॉमनवेल्थ में एमपी के 9 खिलाड़ी

▶ 23 जुलाई से 2 अगस्त तक 10 खेलों की स्पर्धाएं




**खेल प्रतिनिधि**

**भोपाल, 23 जुलाई. स्कॉटलैंड के ग्लासगो में गुरुवार से शुरू हुए कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत के 125 खिलाड़ियों के दल में मध्यप्रदेश के 9 खिलाड़ी भी चुनौती पेश करेंगे.**

इनमें एमपी स्पोर्ट्स अकादमी के 3, गैर-अकादमी वर्ग के 2 और साई भोपाल के 4 खिलाड़ी शामिल हैं. मध्यप्रदेश अकादमी के देव मीणा और कुलदीप कुमार पोल वॉल्ट में, समरदीप सिंह थ्रो इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे. तीनों खिलाड़ी भोपाल स्थित एमपी स्पोर्ट्स अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं. वहीं गैर-अकादमी खिलाड़ियों में जूडो की यामिनी मौर्य और वेटलिफ्टिंग के वल्लुरी जय बाबू कॉमनवेल्थ गेम्स में उतरेंगे. इसके अलावा साई भोपाल के चार खिलाड़ी भी ग्लासगो में भारतीय दल का हिस्सा हैं. इनमें जूडो की अस्मिता डे, श्रद्धा चोपड़ा, अवतार सिंह और यश घंगास शामिल हैं. इस बार कॉमनवेल्थ गेम्स में हॉकी, क्रिकेट, शूटिंग और कुश्ती जैसे कई खेल शामिल नहीं हैं. ऐसे में भारतीय दल की उम्मीदें एथलेटिक्स, जूडो, बॉक्सिंग और वेटलिफ्टिंग जैसे खेलों पर टिकी हैं. 23 जुलाई से 2 अगस्त तक चलने वाले इन खेलों में 10 खेलों की स्पर्धाएं होंगी.

# ग्वालियर में आज से 28 महिला हॉकी टीमों में होगा मुकाबला

▶ 3 अगस्त तक होगा हॉकी टूर्नामेंट

**खेल प्रतिनिधि**

**भोपाल, 23 जुलाई. ग्वालियर में शुक्रवार 24 जुलाई से हॉकी इंडिया की जूनियर और सब-जूनियर महिला अकादमी चैंपियनशिप शुरू होगी. 3 अगस्त तक चलने वाली राष्ट्रीय स्पर्धा में देशभर की 28 अकादमी टीमें हिस्सा लेंगी.**

जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता 24 जुलाई से, सब-जूनियर वर्ग के मुकाबले 26 जुलाई से शुरू होंगे. आयोजकों के अनुसार जूनियर वर्ग में 12 और सब-जूनियर वर्ग में 16 अकादमियां भाग ले रही हैं. जूनियर प्रतियोगिता में टीमों को दो पूल में बांटा गया है. लीग चरण के बाद दोनों पूल की शीर्ष दो-दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी और 3 अगस्त को फाइनल खेला जाएगा. सभी मुकाबले हॉकी इंडिया के तय लीग और नॉकआउट प्रारूप के अनुसार होंगे. बराबरी की स्थिति में नॉकआउट मुकाबलों का फैसला शूटआउट से किया जाएगा. इसमें मप्र, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, अन्य राज्यों की अकादमियां हिस्सा लेंगी.

# क्रिकेटर क्रांति गौड़ का सीएम हाउस में सम्मान

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदान की 5 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि




**खेल प्रतिनिधि**

**भोपाल, 23 जुलाई. लंदन के प्रसिद्ध लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड के ऑनर बोर्ड पर अपना नाम दर्ज कराने वाली मध्यप्रदेश की महिला क्रिकेटर क्रांति गौड़ का गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास में सम्मान किया गया.**

छतरपुर की रहने वाली क्रांति ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर यह उपलब्धि हासिल की थी. सीएम हाउस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें 5 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की. क्रांति गौड़ देश की पहली महिला क्रिकेटर हैं, जिनका नाम लॉर्ड्स के ऑनर बोर्ड पर दर्ज हुआ है. उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन से यह उपलब्धि हासिल की. इस उपलब्धि को प्रदेश की महिला खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बताया गया. सम्मान समारोह में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग भी मौजूद रहे. उन्होंने क्रांति के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश की बेटियां अब खेलों में लगातार आगे बढ़ रही हैं. क्रांति छतरपुर जिले के घुवारा गांव के रहने वाली हैं.

उनके इस प्रदर्शन के बाद खेल जगत में मध्यप्रदेश की महिला क्रिकेट प्रतिभाओं को लेकर भी चर्चा बढ़ी है. राज्य सरकार की ओर से उन्हें सम्मान राशि देकर प्रोत्साहित किया गया.

## सेवा संकल्प के साथ नई टीम ने संभाली जिम्मेदारी

**भोपाल, 23 जुलाई.** लायंस क्लब भोपाल मैजेस्टिक का 31वां पदस्थापना समारोह आयोजित हुआ, जिसमें नई कार्यकारिणी ने पदभार संभाला. वैशाली मिश्रा त्रिपाठी ने अध्यक्ष, अंकिता मिश्रा ने सचिव, रंजना सक्सेना ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ ली. समारोह के साथ क्लब ने शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़े कई सेवा कार्यों की भी घोषणा की. आयोजकों के अनुसार एम्स में कैंसर से जूझ रहे बच्चों के लिए चलाए जा रहे 'प्रोजेक्ट अरुणिमा' के तहत खिलौने का वितरण किया गया. नेत्र स्वास्थ्य के लिए 'डोनेशन फॉर विजन' अभियान में 22 हजार रुपये का सहयोग दिया गया.

# ध्रुपद से जीवंत हुआ संत जनाबाई का जीवन

▶ ध्रुपद संस्थान गुरुकुल में किया नृत्य नाटिका का पूर्वाभ्यास

▶ मुंबई में 26 जुलाई को होगा मुख्य मंचन



**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 23 जुलाई. ध्रुपद संस्थान गुरुकुल में प्रसिद्ध संत लेखिका जनाबाई पर आधारित विशेष नृत्य नाटिका नामयाची जनी का पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया.**

मुंबई स्थित नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में 26 जुलाई को होने वाले मुख्य मंचन से पहले भोपाल के कला रसिकों को इस अद्भुत प्रस्तुति के पूर्व रंग का आनंद लेने का अवसर मिला. इस सांस्कृतिक प्रस्तुति में संत जनाबाई के अभंगों को हिंदुस्तानी गायन शैली के तहत ध्रुपद ख्याल और पारंपरिक वारकरी शैली में पिरोया गया है. इसका सुरीला संगीत संयोजन ध्रुपद संस्थान की वरिष्ठ शिष्या जाह्नवी फनसलकर द्वारा तैयार किया गया है. मंच पर अभंगों का सुरीला गायन जाह्नवी फनसलकर और धानी गुन्देचा ने अपनी सधी हुई आवाज़ में प्रस्तुत किया.

अभंगों में समाहित भक्ति और समर्पण के भावों को सुप्रसिद्ध नृत्यांगना नव्या नटराजन ने भरतनाट्यम की कलात्मक मुद्राओं के माध्यम से बेहद खूबसूरती से साकार किया. प्रस्तुति में सूत्रधार के रूप में सजन संकरन और सिंधु सचि ने कथा प्रसंगों को जोड़ा, जबकि पखावज पर ज्ञानेश्वर देशमुख और ह्रिदयेश चोपड़ा की ताल संगति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया. संगीत और नृत्य के इस अनूठे मेल ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया.



# योग स्वस्थ जीवन के लिए उपयोगी

## नूतन कॉलेज में योग और भारतीय ज्ञान परंपरा पर मंथन

**नवभारत न्यूज**

**भोपाल, 23 जुलाई. भोपाल के सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय (नूतन कॉलेज) में गुरुवार को भारतीय योग और ज्ञान परंपरा विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम में योग, वैदिक ज्ञान, शिक्षा और भारतीय सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक जीवन और शिक्षा से जोड़ने पर चर्चा हुई. इस अवसर पर महाविद्यालय के महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ की ई-पत्रिका 'शतरूपा' का भी विमोचन किया गया. मुख्य वक्ता देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार के प्रति कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या ने कहा कि योग और ध्यान केवल परंपरा का हिस्सा नहीं हैं, तनाव प्रबंधन और स्वस्थ जीवन के लिए भी उपयोगी हैं. उन्होंने वैदिक दर्शन, आयुर्वेद और भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न पक्षों पर अपने विचार रखे. कार्यक्रम की अध्यक्षता उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने की. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र बिहारी गोस्वामी ने बताया कि संस्थान का भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ विद्यार्थियों को देश की सांस्कृतिक और वैज्ञानिक विरासत से जोड़ने के लिए लगातार शैक्षणिक और शोध गतिविधियां चला रहा है. आयोजन योग आयोग मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में हुआ. कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षकों और बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया.

**पौधरोपण** ▶ परोपकारिणी महिला मंडल ने पौधे रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# हरियाली का संकल्प : एक पौधा, अनेक पीढ़ियों का जीवन



**नवभारत न्यूज**

**भोपाल, 23 जुलाई. बढ़ते पर्यावरणीय संकट और घटते हरित क्षेत्र के बीच परोपकारिणी महिला मंडल ने समाज को प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए पिपलानी स्थित आनंदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पौधरोपण किया.**

मंडल की अध्यक्ष डॉ. साधना गंगराड़े के नेतृत्व में सदस्यों ने बेल, शमी, आम, अमरूद और चीकू सहित विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प लिया. इस अवसर पर डॉ. साधना गंगराड़े ने कहा कि 'पौधरोपण तभी सार्थक है, जब पौधों का संरक्षण भी हमारी जीवनशैली का हिस्सा बने. एक पौधा केवल पेड़ नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वायु, जल और स्वस्थ पर्यावरण की अमूल्य धरोहर है.'

उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि प्रत्येक परिवार वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल का दायित्व भी निभाएं. उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति प्रकृति के प्रति अपना दायित्व समझे, तो पर्यावरण संरक्षण एक जनआंदोलन बन सकता है. पौधरोपण अभियान में कविता अग्रवाल, विमलेश शुक्ला, हंसा बोन्द्रिया, बलजीत कौर, मंजू रावत, डॉ. अनामिका रावत, शर्मा आंटी, प्रभा सेन, कमलेश अग्रवाल, वंदना सिरपुरकर, डॉ. भावना श्रीवास्तव, अनीता सक्सेना, मंगला, उमा शर्मा एवं पूनम सक्सेना ने सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया.

कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उनकी नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखेंगे तथा समाज के अधिकाधिक लोगों को हरियाली बढ़ाने के इस अभियान से जोड़ेंगे. 'आज लगाया गया एक पौधा, आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी है.'

## वालेंटियर्स को साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण

**भोपाल, 23 जुलाई.** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने गुरुवार को पैरालीगल वालेंटियर्स के लिए डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा पर एक दिनी प्रशिक्षण आयोजित किया. इसका उद्देश्य वालेंटियर्स को ऑनलाइन सेवाओं और साइबर अपराध से बचाव की जानकारी देकर लोगों की मदद के लिए तैयार करना था. प्रशिक्षण न्याय सेवा सदन के कॉन्फ्रेंस हॉल में हुआ. अधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान ऑनलाइन केस की तारीख देखना, दस्तावेजों की डिजिटल कॉपी प्राप्त करना और न्यायालय से जुड़ी डिजिटल सेवाओं का उपयोग करने की प्रक्रिया समझाई गई.

## सामला माता मंदिर पहाड़ी पर रोपे 1111 पौधे

**भोपाल, 23 जुलाई.** गुरुवार सुबह सामला माता मंदिर पहाड़ी भोपाल पर 1111 पौधों का सामूहिक रोपण किया गया. इस कार्यक्रम में देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या शामिल हुए. आयोजकों के अनुसार अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और लोगों में हरियाली को लेकर जागरूकता बढ़ाना था. गुरुवार सुबह भोपाल पहुंचने के बाद डॉ. पंड्या सीधे कार्यक्रम स्थल पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रों के बीच अलग-अलग प्रजातियों के बड़े पौधे रोपे गए. डॉ. पंड्या शाम को भोपाल से रवाना हो गए.